पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय में किसानों के लिए मॉडर्न डेयरी प्रैक्टिसेज विषय पर प्रशिक्षण संपन्न

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के अंतर्गत पशुधन प्रसार अधारताल में पांच दिवसीय मॉडर्न डेयरी प्रैक्टिसेज प्रशिक्षण कार्यक्रम 14 से 18 नवंबर तक यह प्रशिक्षण कार्यक्रम समुदाय आधारित टिकाऊ समावेशी परियोजना के अंतर्गत, नमन सेवा समिति बैतूल मध्य प्रदेश द्वारा प्रायोजित किया गया था। इस प्रशिक्षण में कुल 27 किसान लाभान्वित हुए, इस कार्यक्रम से डेरी पालन के क्षेत्र में आधुनिकरण विषय पर चर्चा की गई, कार्यक्रम का शुभारंभ एवं संपन्नता में डॉ. जीपी लखानी निर्देशक प्रक्षेत्र, डॉ. एस. के. कारमोरे, प्रभारी प्रक्षेत्र, इन्होंने डेयरी पालन मैं मॉडर्न प्रैक्टिसेज के महत्व को किसानों के समक्ष प्रस्तुत किया पांच दिवसीय प्रशिक्षण में डॉ. पी.के. सिंह, डॉ सुमन कुमार, डॉ शिवांगी शर्मा एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को आधुनिक डेयरी पालन से संबंधित संपूर्ण जानकारी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक द्वारा दी गई।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकार
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर